# प्रेस नोट थाना रोजा

# जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक 25.05.2026

## थाना रोजा पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में शराब दुकान चोरी की घटना का सफल अनावरण, पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध असलहा, चोरी की शराब एवं नगदी बरामद।

पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर महोदय सौरभ दीक्षित के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान एवं अपराध में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में, थानाध्यक्ष थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर के नेतृत्व में आज दिनांक 25.05.2026 को जनपदीय एसओजी/सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 05.05.2026 को वादी श्री रामजी गुप्ता पुत्र मिथलेश कुमार गुप्ता निवासी बिजलीपुरा थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना रोजा पर लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक 05.05.2026 की रात्रि लगभग 02:00 बजे अज्ञात चोरों द्वारा उनकी दुकान का शटर व ताला तोड़कर दुकान से 28 पेटी एवं 32 पौवा देशी शराब, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹1,03,360/- है, चोरी कर ली गयी। साथ ही दुकान में लगे डीवीआर हार्ड डिस्क सहित एवं वाई-फाई कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर चोरी कर लिया गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना रोजा पर मु0अ0सं0 204/2026 धारा 305/331(4) बीएनएस-2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर महोदय सौरभ दीक्षित द्वारा एसओजी/सर्विलांस एवं थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा सुरागरसी-पतारसी एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर लगातार कार्यवाही की जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 25.05.2026 को समय लगभग 01:10 बजे मुखबिर की सूचना पर एसओजी/सर्विलांस एवं थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना रोजा क्षेत्रान्तर्गत रोजा रेलवे ग्राउंड के पास चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी, जिसके प्रत्युत्तर में पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त घायल हो गया। मौके से अभियुक्त 1. सियानन्द पुत्र गजेन्द्रपाल निवासी ग्राम इटोरिया शिवपुरी थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली, उम्र करीब 35 वर्ष एवं 2. अवनीश पुत्र फकीरे निवासी सेरहा पुख्ता थाना दातागंज जनपद बदायूं, उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा .315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस .315 बोर, चोरी की गयी देशी शराब सोल्जर मार्का के 90 पाउच, चोरी की शराब की पेटियां बेचकर प्राप्त धनराशि में से शेष ₹8,000/- नगद, घटना में प्रयुक्त 01 अदद धारदार सरिया एवं 01 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त सियानन्द उपरोक्त गोली लगने से घायल हुआ है, जबकि का0 288 प्रवेन्द्र कुमार को अभियुक्त द्वारा की गयी फायरिंग की गोली छूते हुए निकल गयी, जिससे वह मामूली रूप से घायल हुए हैं। दोनों को उपचार हेतु जिला अस्पताल शाहजहाँपुर में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना रोजा पर मु0अ0सं0 244/2026 धारा 109(1), 3(5) बीएनएस एवं धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण : -**

1. सियानन्द पुत्र गजेन्द्रपाल निवासी ग्राम इटोरिया शिवपुरी, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली, उम्र करीब 35 वर्ष।
2. अवनीश पुत्र फकीरे निवासी ग्राम सेरहा पुख्ता, थाना दातागंज, जनपद बदायूं, उम्र करीब 32 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सियानन्द -**

1. मु0अ0सं0 244/2026 धारा 109(1), 3(5) बीएनएस एवं 3/25/27 आयुध अधिनियम (पुलिस पर जानलेवा हमला), थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 204/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु0अ0सं0 511/2015 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट, थाना अलापुर जनपद बदायूं।
4. मु0अ0सं0 273/2021 धारा 307, 398, 401 भादवि, थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।
5. मु0अ0सं0 275/2021 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम, थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।
6. मु0अ0सं0 378/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट, थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।
7. मु0अ0सं0 70/2013 धारा 379, 411 भादवि, थाना भमोरा जनपद बरेली।
8. मु0अ0सं0 446/2025 धारा 305(ए) बीएनएस, थाना आंवला जनपद बरेली।
9. मु0अ0सं0 479/2025 धारा 305(ए) बीएनएस, थाना आंवला जनपद बरेली।
10. मु0अ0सं0 279/2025 धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस, थाना भमोरा जनपद बरेली।
11. मु0अ0सं0 433/2020 धारा 380, 411, 457 भादवि, थाना भुता जनपद बरेली।
12. मु0अ0सं0 306/2019 धारा 380, 411 भादवि, थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
13. मु0अ0सं0 23/2020 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम, थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
14. मु0अ0सं0 397/2025 धारा 109, 3(5) बीएनएस एवं 3/25/27 शस्त्र अधिनियम, थाना कैण्ट जनपद बरेली।
15. मु0अ0सं0 426/2020 धारा 380, 457 भादवि, थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
16. मु0अ0सं0 17/2021 धारा 308 भादवि, थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।
17. मु0अ0सं0 173/2021 धारा 380, 457 भादवि, थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।
18. मु0अ0सं0 177/2021 धारा 380, 457 भादवि, थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अवनीश उपरोक्त –**

1. मु0अ0सं0 244/2026 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस (पुलिस पर जानलेवा हमला) एवं 3/25/27 आयुध अधिनियम, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 446/2025 धारा 305(ए) बीएनएस, थाना आंवला जनपद बरेली।
3. मु0अ0सं0 479/2025 धारा 305(ए) बीएनएस, थाना आंवला जनपद बरेली।
4. मु0अ0सं0 289/2025 धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस, थाना भमोरा जनपद बरेली।
5. मु0अ0सं0 239/2025 धारा 305, 317(2), 317(4), 331(4) बीएनएस, थाना कैण्ट जनपद बरेली।
6. मु0अ0सं0 297/2025 धारा 303(2), 62 बीएनएस, थाना कैण्ट जनपद बरेली।
7. मु0अ0सं0 397/2025 धारा 109, 3(5) बीएनएस एवं 3/25/27 शस्त्र अधिनियम, थाना कैण्ट जनपद बरेली।
8. मु0अ0सं0 247/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम, थाना दातागंज जनपद बदायूं।
9. मु0अ0सं0 204/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरण: -**

1. एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर एवं 02 जिन्दा कारतूस/01 खोखा कारतूस .315 बोर।
2. चोरी की गयी देशी शराब सोल्जर मार्का के 90 पाउच तथा चोरी की शराब की पेटियां बेचकर प्राप्त धनराशि में से शेष ₹8,000/- नगद।
3. घटना में प्रयुक्त एक अदद धारदार सरिया।
4. 01 अदद मोबाइल फोन।

**गिरफ्तारी पूछताछ :-**

पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि दिनांक 04/05-05.05.2026 की रात्रि में उनके द्वारा ग्राम बरतारा स्थित एक देशी शराब की दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखी देशी शराब एवं अन्य उपकरणों की चोरी की गयी थी। चोरी की गयी शराब को अभियुक्तगण द्वारा राह चलते व्यक्तियों को बेच दिया गया तथा बिक्री से प्राप्त धनराशि में से शेष रुपये एवं घटना से संबंधित सामान उनके कब्जे से बरामद हुआ है। अभियुक्तगण द्वारा यह भी बताया गया कि बरामद धनराशि उक्त चोरी की घटना से प्राप्त धनराशि का ही हिस्सा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1. थानाध्यक्ष श्री उमेश कुमार मिश्र, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल मय टीम, जनपद शाहजहाँपुर।
3. उ0नि0 मोहित चौधरी, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
4. उ0नि0 विनीत कुमार, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
5. उ0नि0 ओमपाल सिंह, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
6. हे0का0 711 अरुण कुमार, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
7. का0 2528 दीप नागर, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
8. का0 1497 हरवीर सिंह, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।
9. का0 288 प्रवेन्द्र कुमार, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।




हम उनका सम्मान करते हैं जो कानून का सम्मान करते हैं।
प्रभारी निरीक्षक, रोजा
छेड़खानी
के विरुद्ध
चुप्पी तोड़ो
शाहजहाँपुर
क्या ? मैं
थाना - रोज़ा, जनपद - शाह.
मो.- 9454404219